पुजना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| PERIODIC ASSIGNMENT- 3 | | |
|---|---|---|
| **GRADE – 5** | | **SUBJECT - HINDI** |
| **पाठ-10 एक दिन की बादशाहत** | **पाठ-11 चावल की रोटियाँ** | **कविता-12 गुरु और चेला** |

**(अपठित-विभाग)**

**प्र-1 अपठित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|**

**1]** मनुष्य की विशेषता उसके चरित्र में है। चरित्र के कारण ही एक मनुष्य दूसरे से अधिक आदरणीय समझा जाता है। विद्या का मान सज्जन तभी करते है जब विद्यावान विनय एवं चरित्र से युक्त हो। विद्या, बल तथा पद होते हुए भी रावण अपने राक्षसी कर्म के कारण निंदनीय था। रावण विद्यवान होने पर भी वंदनीय नहीं बन पाया। मनुष्य का मूल्य उसके चरित्र में है। विनय, उदारता, लालच में न पड़ना, धैर्य , सत्य ,भाषण, वचन का प्रतिपालन करना और कर्तव्य ये सब गुण चरित्र में आते है।

**i) मनुष्य की विशेषता किसमें है?**
उ- मनुष्य की विशेषता उसके चरित्र में है |

**ii) मनुष्य का आदर किन कारणों से होता है**?
उ- मनुष्य का आदर चरित्र के कारण से होता है |

**iii) रावण निंदनीय क्यों था**?
उ- राक्षसी कर्म के कारण रावण निंदनीय था |

**iv) चरित्र में कौन-कौन से गुण आते है**?
उ- विनय**,** उदारता**,** लालच में न पड़ना**,** धैर्य **,** सत्य **,**भाषण**,** वचन का प्रतिपालन करना और कर्तव्य ये सब गुण चरित्र में आते है।

**5) 'गुण' शब्द का विपरितार्थक शब्द है:-**
उ- 'गुण' शब्द का विपरितार्थक शब्द है- "अवगुण "

**2]** किसी तालाब में एक बातूनी कछुआ रहता था। उसी तालाब के किनारे दो हंस भी रहते थे। वे तीनों आपस में मित्र थे। एक बार गरमी के मौसम में तालाब का पानी सूखने के कारण हंस दूसरे तालाब पर उड़कर जाने के लिए तैयार हो गए। कछुआ भी तैयार था, लेकिन उसे ले जाने की समस्या थी। कछुए ने उपाय बताया कि दोनों हंस अपनी चोंच में एक लकड़ी के सिरों को पकड़ लेंगे और वह उस लड़की को अपने मुँह से पकड़ लेगा, जिससे तीनों मित्र एक साथ एक ही तालाब पर रहेंगे। हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, लेकिन बातूनी होने के कारण तुम रास्ते में बात न करने लगना नहीं तो तुम नीचे गिरकर मर जाओगे। कछुए ने कहा कि वह मूर्ख नहीं है वह अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी क्यों मारेगा? योजना अनुसार वे उड़ गए। रास्ते में कुछ लोगों की बात सुनकर कछुआ बोल पड़ा और नीचे गिरकर अपनी जान खो बैठा।इसलिए कहा गया है कि हमें कभी भी फालतू बातों में न पड़कर अपने लक्ष्य की तरफ़ ही ध्यान देना चाहिए।

**1) तीन मित्र कौन-कौन थे?**
उ- दो हंस एक कछुआ तीन मित्र थे |

**2) किसे दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी?**
उ- कछुए को दूसरे तालाब में जाने की समस्या थी |

**3) तालाब सूख गया, क्योंकि.............**
उ- तालाब सूख गया, क्योंकि बहुत गरमी थी |

**4) हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, पर**
उ- हंसों ने कहा कि उपाय तो अच्छा है, पर तुम बातूनी होने के कारण रास्ते में बात नहीं करना |

**5) अपने पैर पर स्वयं कुल्हाड़ी मारने का अर्थ है-**
उ- अपना नुकसान स्वयं करना

**( लेखन-विभाग )**

**प्रश्न-2 निम्नलिखित विषय पर निबंध लिखिए |**

### 1) मेरा प्रिय खेल

मेरा प्रिय खेल क्रिकेट है | यह खेल मुझे अत्यंत प्रिय है। में रोज़ शाम को अपने दोस्तों के साथ पास की कॉलोनी के मैदान में क्रिकेट खेलने जाता हूँ। यह मैदान बहुत बड़ा है। वहां और भी कई सारे बच्चे खेलने आते हैं। क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली मेरे आदर्श खिलाड़ी हैं। मैं उनसे बहुत प्रेरणा हासिल करता हूँ। क्रिकेट आउटडोर खेल है। जिसमें 11 – 11 खिलाड़ियों की दो टीमें होती है। इस खेल में लकड़ी का एक बल्ला और एक गेंद होती है। जिससे बैट और बॉल कहा जाता है। बल्लेबाजी करने वाले खिलाड़ियों के पीछे लकड़ी की तीन लंबी लंबी डंडिया होती है। जिसे स्टंप कहा जाता है, गेंदबाजी करने वाला खिलाड़ी अगर अपने बॉल से स्टंप को छू लेता है, तो बल्लेबाजी करने वाला खिलाड़ी आउट माना जाता है। यह खेल दो पारी में खेला जाने वाला होता है।

इसमें एक टीम बल्लेबाजी करती है और दूसरी टीम  फील्डिंग का काम करती है। क्रिकेट में दो एंपायर होते हैं लेकिन कभी-कभी निर्णय लेने के लिए थर्ड एंपायर की आवश्यकता होती है। जो मैदान में मौजूद ना होकर टीवी स्क्रीन के माध्यम से अपना फैसला देता है, और उसका फैसला अंतिम माना जाता है। क्रिकेट तीन तरीके से खेला जाता है और तीनों की तरह के नियम अलग-अलग हैं। पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम में जितना स्कोर बनाया है, दूसरी टीम को जीतने के लिए उससे बड़ा स्कोर हासिल करना होता है।

भारत में छोटे बच्चे इस खेल के दिवाने है और वह इसे छोटी सी खुली जगहों में खेलते है, खासतौर से सड़क और पार्क में। अगर इसे रोज खेला और अभ्यास किया जाये तो ये बहुत ही आसान खेल है। क्रिकेट खिलाड़ियों को अपने खेल में सुधार लाने के लिये रोज अभ्यास की जरूरत पड़ती है जिससे वो छोटी-छोटी गलतियों को दूर कर सकें और पूरे प्रवाह के साथ इसे खेल सकें।

क्रिकेट ही नहीं बल्कि किसी भी प्रकार के खेल से स्वास्थ्य और उत्साह तो बढ़ता ही है, साथ ही स्वस्थ प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है। क्रिकेट के खेल से इसके साथ-साथ आपसी एकता तथा भाईचारा का विकास भी होता है। विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के समय  विश्व जैसे एक परिवार ही बन जाता है और यह क्रिकेट के खेल की एक बड़ी उपलब्धि है।

### 2) महात्मा गांधी

महात्मा गांधी का पूरा नाम मोहनदास करमचंद गाँधी है। उनका जन्म 2 अक्टूबर 1869 में गुजरात के पोरबंदर में हुआ था। उनके पिता जी करम चन्द गांधी  ब्रिटिश शासनकाल के समय राजकोट के 'दीवान' थे। उनकी माता का नाम  - पुतलीबाई था जो कि धार्मिक विचारों वाली एक महिला थी, जिनके विचारों का गांधी जी पर गहरा प्रभाव पड़ा था।वहीं जब वे 13 साल के थे, तब बाल विवाह की प्रथा के तहत उनकी शादी कस्तूरबा से कर दी गई थी| लोग उन्हें " बापू " कहकर पुकारते थे |

गांधी जी बचपन से ही बेहद अनुशासित एवं आज्ञाकारी बालक थे। उन्होंने अपनी शुरुआती शिक्षा गुजरात में रहकर ही पूरी की और फिर वे कानून की पढ़ाई करने के लिए इंग्लैंड चले गए, जहां से लौटकर उन्होंने भारत में वकालत का काम शुरु किया, हालांकि, वकालत में वे ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाए।स्वतंत्रता संग्राम के दौरान महात्मा गांधीजी ने सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाते हुए अंग्रेजों के खिलाफ कई बड़े आंदोलन चलाए। उनके शांतिपूर्ण ढंग से चलाए गए आंदोलनों ने न

सिर्फ भारत में ब्रिटिश सरकार की नींव कमजोर कर दी थीं, बल्कि उन्हें भारत छोड़ने के लिए भी विवश कर दिया था।

गांधीजी द्वारा लड़ी गई आजादी की अहिंसक लड़ाई के सामने अंग्रेजों को घुटने टेकने पड़े। भारत आजाद हो गया। प्रार्थना से आते हुए गांधीजी की नाथूराम गोडसे ने 30 जनवरी, 1948 को गोली मारकर हत्या कर दी।

गांधीजी का मानना था कि हथियार और अहिंसा किसी भी समस्या का समाधान नही हो सकते है। इसके विपरीत यह समस्याओं को कम करने जगह और ज्यादा बढ़ा देते है| हिंसा लोगो में नफरत, भय और गुस्सा फैलाने का साधन है। उनका मानना था कि अहिंसा के मार्ग द्वारा हम बिना हथियार उठाये, अपने से ताकतवर शत्रुओं पर भी विजय पा सकते हैं।

**(व्याकरण –विभाग)**

**प्रश्न-3(क) निम्नलिखित वाक्यों में अकर्मक और सकर्मक क्रिया बताइए |**

1) अध्यापिका पाठ पठाएगी | - सकर्मक क्रिया
2) राजेश दौड़ता है |- अकर्मक क्रिया
3) आकाश में पक्षी उड़ रहे है |- सकर्मक क्रिया
4) काजल गाड़ी चला रही है | - सकर्मक क्रिया
5) राम पुस्तक पढ़ता है |- सकर्मक क्रिया
6) पूजा हँसती है |- अकर्मक क्रिया
7) मोर नाचता है |- अकर्मक क्रिया
8) सुरेश फ़ल खाता है |- सकर्मक क्रिया
9) विनय ज़ोर से चिल्ला रहा है |- सकर्मक क्रिया
10) गाय घास खाती है |- सकर्मक क्रिया
11) गीता दौड़ती है |- अकर्मक क्रिया
12) राजा क्रिकेट खेल रहा है |- सकर्मक क्रिया
13) नदी बहती है |- अकर्मक क्रिया
14) राहुल कार्टून देख रहा है |- सकर्मक क्रिया
15) गरिमा गाना गा रही है |- सकर्मक क्रिया

**(ख) निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ देकर वाक्य बनाए |**

1) अगर-मगर करना - टाल-मटोल करना
वाक्य – माँ ने अंकित से पढ़ने के लिए कहा तो वह अगर-मगर करने लगा।
2) कान भरना - चुगली करना
वाक्य – विशाल को कान भरने की बुरी आदत है।
3) अंगारे उगलना- कडवी बातें करना
वाक्य –श्रीकृष्ण का नाम सुनते ही शिशुपाल अंगारे उगलने लगा |
4) अँगूठा दिखाना- समय पर धोखा देना
वाक्य – मैंने अपने पडोसी से जरुरत पड़ने पर पांच हजार रुपये मांगे तो उसने अंगूठा दिखा दिया।
5) कमर कसना - चुनौती के लिए तैयार होना
वाक्य – भारतीय सैनिक हर संकट के लिए कमर कसे रहते हैं।
6) खाक छानना- दर-दर भटकना
वाक्य – नौकरी की तलाश में बेचारा मोहन खाक छान रहा है।
7) अंत पाना- भेद पाना
वाक्य – तुम अब मेरे सामने नहीं बोल सकते मैंने तुम्हारा अंत पा लिया है।
8) आँखों का तारा- बहुत प्यारा
वाक्य – श्रीराम दशरथ की आँखों के तारे थे।
9) ईंट-से-ईंट बजाना- पूरी तरह नष्ट कर देना
वाक्य –यदि कोई शत्रु भारत पर आक्रमण करेगा, तो हम उसकी ईंट-से-ईंट बजा देंगे।
10) टूट पड़ना- आक्रमण करना

वाक्य –भारतीय सेना शत्रु सेना पर टूट पड़ी।
11) मुँह की खाना- हार जाना
वाक्य –महाभारत के युद्ध में कौरवों ने मुँह की खाई।
12) हवा लगना- असर होना
वाक्य –गाँव से आए नौकर को थोड़े ही दिन में शहर की हवा लग गई।
13) हाथ बँटाना- सहायता करना
वाक्य –मैं अपने पापा के काम में हाथ बँटाता हूँ।

## ( साहित्य-विभाग )

**प्रश्न-4(क) निम्नलिखित अतिलघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

**1) कोको के माता-पिता किस काम से कहाँ गए थे ?**
उ- कोको के माता-पिता धान लगाने खेत में गए थे |
**2) चेले ने किसकी कौन-सी बात नहीं मानी ?**
उ- चेले ने गुरु की बात नहीं मानी की इस अंधेर नगरी में एक पल भी रहना नहीं चाहिए |
**3) आरिफ़ और सलीम सुबह –सुबह कैसे सपने देखते थे ?**
उ- आरिफ़ और सलीम सुबह-सुबह कव्वाली गाने और आइस्क्रीम खाने के सपने देखते थे |
**4) दादी सुबह नमाज़ पढ़ने के बाद क्या-क्या करती थी ?**
उ- दादी सुबह नमाज़ पढ़ने के बाद दवाईया खाती और बादाम का हरीरा पीती थी |
**5) कोको ने पहली बार रोटियाँ कहाँ छिपाकर रखी थी ?**
उ- कोको ने पहली बार रोटियाँ रेडियों के पीछे छिपाकर रखी थी |
**6) मशकवाले ने किसे दोषी ठहराया ?**
उ- मशकवाले ने मंत्री को दोषी ठहराया |
**7) अम्मी के अधिकार किसके द्वारा छीने गए थे ?**
उ- अम्मी के अधिकार आरिफ़ और सलीम द्वारा छीने गए थे |
**8) मिमि को पापड़ खाते हुए कैसी आवाज़ सुनाई दी ?**
उ- मिमि को पापड़ खाते हुए हल्की सी गुड़गुड़ाने की आवाज़ सुनाई दी |
**9) राजा ने संतरी को बुलाकर क्या पूछा ?**
उ- राजा ने संतरी को बुलाकर पूछा कि," यह दीवार कैसे गिरी, इस दीवार को किसने बनाया "|
**10) दीवार गिरने के अपराध में सबसे पहले किसे , क्या सजा सुनाई गई ?**
उ- दीवार गिरने के अपराध में सबसे पहले कारीगर को फांसी की सजा सुनाई गई |

**(ख) निम्नलिखित लघु प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

**1) कोको ने घर में चूहे के घुसने की बात किससे की और क्यों ?**
उ- कोको का पेट भूख से गुड़गुड़ा रहा था | उसने मिमि से झूठ कहा कि घर में चूहा आ गया है वहीं ये आवाज खड़खड़- गड़गड़ कर रहा है |
**2) नीनी कोको के घर क्यों गया था ?**
उ- नीनी कोको के घर परीक्षा की ख़ास खबर सुनने गया था |
**3) भिश्ती को फांसी क्यों दी जा रही थी ?**
उ- भिश्ती ने दीवार बनाने का गारा ज़्यादा गीला कर दिया था जिससे दीवार कमजोर बनी और गिर गई | इसी दोष के लिए भिश्ती को फांसी दी जा रही थी |
**4) आरिफ़ और सलीम ने मिलकर अब्बा के सामने क्या दरखास्त रखी ?**
उ- आरिफ़ और सलीम ने मिलकर अब्बा के सामने दरखास्त रखी कि," एक दिन के लिए बच्चे बड़े बने और बड़ो के सारे अधिकार बच्चों को दिए जाए |
**5) अंधेर नगरी में स्थित हाट की क्या विशेषता थी ?**
उ- अंधेर नगरी में स्थित हाट में सभी वस्तु टके सेर बिकती थी | मिठाई हो , भाजी हो , जीरा हो , ककड़ी हो , सभी किंमती , मामूली वस्तु का एक ही मूल्य टके से |